# आकर देखो श्याम के दर पर क्या करतब दिखलाता है

आकर देखो श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है,
मुंह से तेरे बात ना निकले,
यह पूरी कर जाता है,
आकर देखों श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है।bd।

तर्ज – मैं हूँ तेरा नौकर बाबा।

---

जिस दिन तूने श्याम के दर पर,
अपना माथा टेक दिया,
तेरी आंख का एक भी आंसू,
सांवरिया ने देख लिया,
दौड़ पड़ेगा लीले चढ़ कर,
ये नहीं देर लगाता है,
आकर देखों श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है।bd।

---

जो भी तुझको पढ़े जरूरत,
मुख से अपने बोल जरा,
लेकिन इसकी शर्त एक है,
दिल का द्वारा खोल जरा,
तेरी आंख का हर एक आंसू,
यह मोती कर जाता है,
आकर देखों श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है।bd।

---

भगत तेरा जो हो प्यारा वो,
दुखी कभी नहीं रह सकता,
तेरे दिल का दर्द यह बाबा,
श्याम कभी नहीं सह सकता,
कहे गोपाल कि तेरा मेरा,
जन्म जन्म का नाता है,
आकर देखों श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आकर देखो श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है,
मुंह से तेरे बात ना निकले,
यह पूरी कर जाता है,
आकर देखो श्याम के दर पर,
क्या करतब दिखलाता है।bd।

– गायक एवं प्रेषक –
**Gopal Parjapati meerut**
**8533026845**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com